[Mr. Deputy Chairman]

17. Shri Anil Desai

18. Shri Naresh Gujral

19. Shri Nazir Ahmed Laway

20. Shri D. Kupendra Reddy

21. Shri Rajeev Chandrasekhar

with instructions to report to the Rajya Sabha by the last day of the first week of the next Session."

The motion was adopted.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, I am thankful to the House, and Shri Anil Madhav Dave, the first name in the list, will be the Chairman. I hope that they will complete their work and then come back to the House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: And within the stipulated time.

SHRI K. N. BALAGOPAL (Kerala): Sir, I would like to know whether any Member can be changed in future also if the Committee so decides.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, it cannot be done. You are not in the list. Your name was there, but with the consent of your Party, it was changed. The Minister did not move your name.

SHRI K. N. BALAGOPAL: Yes, I know that. I just asked for my information.

The Constitution (One Hundred and Nineteenth Amendment) Bill, 2013

विदेश मंत्री; तथा प्रवासी भारतीय कार्य मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): माननीय उपसभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूं;

कि भारत सरकार और बंगलादेश सरकार के बीच किए गए करार और उसके प्रोटोकॉल के अनुसरण में भारत द्वारा राज्य क्षेत्रों का अर्जन और कतिपय राज्य क्षेत्रों का बंगलादेश को अंतरण किए जाने को प्रभावी करने के लिए भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।

उपसभापति महोदय, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है, लेकिन महत्वपूर्ण होने के बावजूद भी बहुत हिचकोले खा कर आज सदन के सामने आया है। मैं बहुत संक्षेप में थोड़ी सी पृष्ठभूमि इस विधेयक के बारे में बताना चाहूंगी।

उपसभापति जी, जिस समय भारत का बंटवारा हुआ, भारत और पाकिस्तान, दोनों अलग-अलग राष्ट्र बने, उस समय आज का बंगलादेश— पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था और पाकिस्तान का हिस्सा था। उस समय एक रेडक्लिफ अवार्ड आया, जिसने पूर्वी पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा तय की, लेकिन वह अवार्ड लागू नहीं हो सका।

इसके बाद सन् 1971 में एक नये राष्ट्र के रूप में बंगलादेश का जन्म हुआ, जिसके तीन वर्ष बाद, 1974 में, उस समय की प्रधान मंत्री, स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी और बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के बीच में एक समझौता हुआ, जिसे इन्दिरा-मुजीब समझौते के नाम से जाना गया। यह वही एग्रीमेंट है।

उपसभापति जी, 1974 से लेकर 2011 तक 37 वर्ष बीत गए, बंगलादेश ने तो उसे अनुमोदित कर दिया, रेटिफाई कर दिया लेकिन भारत की संसद ने उसको रेटिफाई नहीं किया, क्योंकि जमीन पर जो चिन्हांकन करना था, वह नहीं हुआ था, उसके बारे में कोई चर्चा भी नहीं हुई थी। सन् 2011 में प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी ने यह पहल की और वे बंगलादेश गए। वहां पर प्रधान मंत्री शेख हसीना और डा. मनमोहन सिंह जी के बीच में एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे 'Protocol of 2011' कहा जाता है। उपसभापति जी, उनके उस प्रोटोकॉल के बाद भी 2 वर्ष बीत गये। 18 दिसम्बर, 2013 को यह प्रोटोकॉल बिल के रूप में, इस विधेयक के रूप में, जो आज मैं चर्चा और पारण के लिए रख रही हूँ, इस सदन में प्रस्तुत किया गया। लेकिन, जिस समय यह विधेयक इस सदन में प्रस्तुत किया जा रहा था, उस समय इसका बहुत उग्र विरोध हुआ और विरोध करने वाले तीन प्रमुख दल थे—एजीपी, बीजेपी और टीएमसी। इसका कारण यह था कि एजीपी और बीजेपी को लगता था कि इस प्रोटोकॉल में असम के हितों की अनदेखी हुई है और टीएमसी को यह लगता था कि जब इसका प्रभाव पड़ेगा, वह तो पश्चिमी बंगाल पर पड़ेगा, क्योंकि जब जनसंख्या की अदला-बदली होगी, तो वहां लोग आयेंगे। तो उनसे यह पूछा ही नहीं गया, क्योंकि उस जिम्मेदारी का वहन राज्य सरकार नहीं कर सकती, इतना बड़ा खर्चा उसमें होने वाला था। तो इसलिए उन्होंने भी इसका विरोध किया और एजीपी तथा बीजेपी ने भी विरोध किया। यह बिल स्टैंडिंग कमेटी को रेफर कर दिया गया। उसके बाद लोक सभा भंग हो गयी और उसी के साथ स्टैंडिंग कमेटी भी भंग हो गयी। जब हमारी सरकार 26 मई, 2014 को आयी, तो 1 सितम्बर को कमेटीज़ गठित हुईं और 16 सितम्बर को हमने यह बिल जस का तस स्टैंडिंग कमेटी को रेफर कर दिया। मुझे खुशी है और मैं उस स्टैंडिंग कमेटी को धन्यवाद देना चाहूँगी, जिसमें हमारे राज्य सभा के सांसद भी थे कि मात्र तीन महीने के अन्दर पहली दिसम्बर को कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दे दी। लेकिन, कमेटी ने हमसे बहुत सी चीजों की अपेक्षा की, कि हम पश्चिमी बंगाल सरकार से बात करें, वह पैकेज तय करें, जो उनको पुनर्वास के लिए चाहिए, हम वहां की law and order situation की जिम्मेदारी लें, वहां enclaves का जो infrastructure है, उसके बारे में बात करें। ऐसी बहुत सी अनुसंशाएँ, बहुत सी सिफारिशें हमें कमेटी ने कीं, लेकिन 19 दिसम्बर को सेशन समाप्त हो गया, तो समय इतना कम था कि हम यह बिल उस समय नहीं ला पाये। स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन, दूसरे सदन के सदस्य श्री शशि थरूर मुझसे मिले, तो मैंने कहा कि आपने चाहा है कि हम जल्दी बिल लायें, तो मेरा वचन है कि हम बजट सत्र के दूसरे खंड में यह बिल लेकर आयेंगे और मुझे आज खुशी है कि मैं अपने वचन की पूर्ति कर पा रही हूँ और बजट सत्र के दूसरे खंड में यह बिल आपके सामने रख रही हूँ।

उपसभापति जी, मैं यह भी बताना चाहती हूँ कि जिस समय मैं विदेश मंत्री बनी, तो विदेश मंत्री के तौर पर मेरी पहली यात्रा बंगलादेश की हुई। जब मैं बंगलादेश गयी, वहां के राजनीतिक नेतृत्व से चर्चा की, तो हर किसी ने मुझसे LBA (Land Boundary Agreement) के बारे में बात की। स्वाभाविक था, प्रधान मंत्री श्रीमती शेख हसीना ने बहुत ज्यादा बात की और यह कहा कि डा. मनमोहन सिंह के साथ जो प्रोटोकॉल हमने साइन किया है, आप उसको आगे बढ़ाइए।

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

यहां आकर मैंने प्रधान मंत्री जी से चर्चा की, तो प्रधान मंत्री जी ने कहा कि इसमें जो अनसुलझे मुद्दे हैं, उनको सुलझाओ और आगे बढ़ो। मुद्दे दो ही थे—एक पश्चिमी बंगाल से संबंधित था और दूसरा असम से संबंधित था। तो पश्चिमी बंगाल से जो संबंधित था, उसमें हमने सुश्री ममता बनर्जी से बात की, उनके अधिकारियों से बात की, कई चक्र चर्चा हुई और मुझे यह बताते हुए खुशी है कि हमारी आपस में सहमति बनी। 3,008 करोड़ 89 लाख, यानी 3008.89 crores का एक पैकेज सुश्री ममता बनर्जी की तरफ से हमें दिया गया, जिसमें 774 crores या समझिए 775 करोड़ ही ऐसा था, जो fixed expenditure था, जो उन enclaves पर होना था, जहां infrastructure बनाना था और Cooch Behar district में, जिले में होना था, जहां infrastructure बनाना था। यह fixed expenditure था, जो होना ही था। लेकिन, बाकी का 2,234 करोड़ परिवर्तनीय था, variable था, क्योंकि इस बीच में सर्वे किया गया था कि कितने लोग आ सकेंगे। उसमें न्यूनतम और अधिकतम की सीमा इतनी ज्यादा अलग थी, वह 3,500 से लेकर 35,000 तक थी, यानी 3,500 लोग भी आ सकते हैं और 35,000 लोग भी आ सकते हैं। तो यह जो पैकेज बना, यह 35,000 को आधार बनाकर बना और यह कहा गया कि जितने-जितने लोग आते जायेंगे, उसी हिसाब से यह पैसा दिया जायेगा, लेकिन कुल पैकेज 35,000 लोगों के आने का जो बना, वह 3008.89 करोड़ का बना। तो उन्होंने कहा कि मेरे मुद्दे का संतोषजनक समाधान हो गया, अब मैं आगे बढ़ना चाहती हूँ। वे स्वयं बंगलादेश गईं और वहां जाकर उन्होंने भी प्रधान मंत्री शेख हसीना से कहा कि मुझे अब किसी तरह का कोई एतराज़ नहीं है, इस बिल को संसद में लाया जा सकता है। अब बचा असम, असम में जैसे मैंने कहा कि एजीपी और बीजेपी का विरोध था, लेकिन इसी बीच एक नई घटना घटी, एक ध्वनि ऐसी भी आई, जिसमें यह लगा कि असम के मुख्य मंत्री भी इसके खिलाफ हैं और उन्होंने यह कहा कि असम की एक इंच भूमि भी जानी नहीं चाहिए। अभी के प्रोटोकॉल के मुताबिक 730 एकड़ जो भूमि इस समय बंगलादेश के पास है, उसमें से 430 एकड़ हमें मिल रही है और 268 एकड़ उनके पास रह रही है, तो उनका ऐसा बयान आया कि नरेंद्र मोदी कह रहे थे कि हम लाएंगे, तो वह हर इंच भूमि उनसे लेकर आएं। मैंने प्रधान मंत्री से यह कहा कि इसका एक सुलझाव हो सकता है कि अभी हम असम को एक तरफ रख कर इस बिल को ले आएं ताकि लगभग 95 परसेंट जो काम है, वह तो हो जाए। बंगलादेश के साथ पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मेघालय, ये सेटल हो जाएगा और असम को हम renegotiate करने की कोशिश करेंगे, जितना होगा, होगा, नहीं भी हो सकता, लेकिन renegotiate करने की कोशिश करेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि यह ठीक है, तो मैंने कैबिनेट में नोट दिया और यह कहा कि असम को अलग करके हम इस बिल को यहां पारित करवा लें। कैबिनेट ने मुझको इसकी अनुमति दे दी। उसके बाद स्वाभाविक है, चूंकि यह constitution amendment था, इसलिए मैंने सभी पार्टियों से बात करनी शुरू की। मैंने ममता जी से बात की, तो उन्होंने कहा कि ठीक है, मुझे इससे कुछ लेना-देना नहीं है, मुझे तो पश्चिमी बंगाल से था, वह हो गया। फिर मैंने सीताराम येचुरी जी से भी बात की, तो उन्होंने कहा कि हम लोग त्रिपुरा और पश्चिमी बंगाल से ज्यादा संबंधित थे, फिर मैंने कांग्रेस के नेता, हमारे नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद जी से भी बात की, उप-नेता बैठे हैं, आनन्द शर्मा जी से भी बात की और शशि थरूर जी, जो स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन थे, उनसे बात की कि आपने जो कहा था, उसमें हम थोड़ा संशोधन असम को बाहर रखने का कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि हम पूरी पार्टी

का एक पक्ष आपको बताएंगे निर्णय करके। अगले दिन वे दोनों मुझे मिले और उन्होंने यह कहा कि नहीं, जो प्रोटोकॉल साइन हुआ है, उसको लेकर आगे बढ़िए, पूरे का पूरा लेकर आगे बढ़िए और असम को इसमें से निकालिए मत, असम को शामिल करके इसको कीजिए। कुछ ऐसी ही ध्वनि मुझे बाकी साथियों से मिली, जब उन्होंने कहा कि जब एक बार करना है, तो इकट्ठा ही करिए, क्यों थोड़ा सा भी अलग रखती हैं, इसलिए असम को शामिल कर लीजिए। वहां के मुख्य मंत्री ने, जिनसे यह ध्वनि आई थी कि वह अलग करें, उन्होंने लिखित में एक पत्र प्रधान मंत्री को भेजा और एक पत्र मुझे भेजा, जिसमें उन्होंने यह लिखा कि आप असम को शामिल करके ही इस प्रोटोकॉल को लेकर आगे बढ़िए। इसके बाद फिर मैंने प्रधान मंत्री जी से बात की कि सदन की ध्वनि ऐसी आ रही है कि अगर हम लोग इकट्ठे असम को शामिल करके इस बिल को लेकर आएं, तो पारित होने में भी आसानी होगी और सदन की भावना भी अभिव्यक्त ऐसी हो रही है और प्रमुख प्रतिपक्षी दल तो कह ही रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि देखो, जनतंत्र में सदन की भावना जन भावना को ही प्रतिबिम्बित करती है। अगर ऐसा है तो तुमने कैबिनेट में वह जो संशोधन करवाया था, उसको वापस करवा दो और कहो कि बिना संशोधन के असम को शामिल करके लाओगी। मुझे खुशी है, कल सवा दस बजे कैबिनेट की हमारी मीटिंग हुई और वहां से असम को बाहर रखने का जो संशोधन हमने करना चाहा था, वह संशोधन हमने नहीं किया और यह तय किया कि हम असम को शामिल करके ही यहां लाएंगे, तो आज मैं जो बिल लेकर आपके सामने आ रही हूँ, वह बिल मैं कहना चाहूंगी, नेता प्रतिपक्ष से और आनन्द भाई से कि वह बिल वही है, जो 18 दिसम्बर, 2013 को यहां आया था। उसमें चार बदलाव हैं, एक बदलाव है, 2013 की जगह 2015 लिखा गया है, दूसरा बदलाव है, भारत गणराज्य का 64वां वर्ष की जगह 66वां वर्ष लिखा गया है, तीसरा बदलाव है, यह 119वां संशोधन था, लेकिन कितनी बड़ी बात है कि यह सौवां संशोधन होकर पारित हो रहा है। यह सौवां संशोधन है और चौथा बदलाव है, जहां सलमान खुर्शीद लिखा गया था, वहां सुषमा स्वराज लिखा गया है। केवल ये चार बदलाव इसमें आए हैं, बाकी जस का तस बिल जो 18 दिसम्बर, 2013 को आया था, वह बिल वैसे का वैसा मैं पेश कर रही हूँ और यह मैं जरूर कह सकती हूँ कि बंगलादेश से एक पड़ोसी देश के नाते जो हमारे संबंध आज इतने अच्छे हैं, इस बिल के पारित होने के बाद उस ऊंचाई पर पहुंचेंगे, जहां 1971 में भारत और बंगलादेश के संबंध थे और वर्षों से लंबित जो सीमा विवाद चला आ रहा था, वह सेटल होगा। यह सेटल होने के बाद एक तो जो undemarcated boundary है, वह demarcate हो जाएगी। जो enclaves एक-दूसरे के पास हैं, भारत के 111 enclaves बंगलादेश में हैं, जो वहां रह जाएंगे, बंगलादेश के जो 51 enclaves भारत में हैं, वे यहां रह जाएंगे और adverse position में यानि अनधिकृत जो कब्जा सबके बीच है, वह पूरे का पूरा सेटल हो जाएगा। यह एक इतनी बड़ी चीज होगी और इतना बड़ा संकेत होगा भारत की तरफ से कि वह अपने— जो सबसे बड़ी चीज होगी, वह यह होगी कि सब लोगों को यह संकेत जाएगा कि भारत पड़ोसी देशों से अपना संबंध ठीक रख रहा है। इसलिए हमारा जो विरोध था उस विरोध को न करते हुए, विपक्ष की बात मानते हुए कल जब मैंने नेता प्रतिपक्ष से यह कहा, तो उन्होंने मुझे बताया कि यह तो विन-विन-विन सिचुएशन है। वैसे तो अंग्रेज़ी में win-win कहा जाता है, लेकिन इसमें विन-विन-विन सिचुएशन है कि बंगलादेश भी खुश, विपक्ष भी खुश और आपका बिल भी पारित हो जाएगा।

श्री उपसभापतिः सबके लिए विन-विन।

श्रीमती सुषमा स्वराजः इसी विन-विन-विन सिचुएशन को सामने रखते हुए..

एक माननीय सदस्यः आप भी खुश हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराजः मैंने अपने बारे में भी कहा, क्योंकि मेरा तो बिल पारित हो रहा है। वह बिल जो आपकी तरफ से आया था, जिसे आज मैं consideration and passing के लिए पायलट कर रही हूँ, तो मुझे यह लगता है कि मैं बहुत विनम्रता से यह निवेदन करूँ कि हम सर्वसम्मति से इस बिल को पारित करें और यह संविधान संशोधन हमारे संवैधानिक इतिहास में सौवां संशोधन बनकर दर्ज हो जाए। इतना ही कहते हुए आप लोगों से मैं विनम्र निवेदन करती हूँ कि इस बिल को सर्वसम्मति से पारित करें।

The question was proposed.

श्री नरेश अग्रवाल (उत्तर प्रदेश): सुषमा जी, जनादेश आपको यूपीए के खिलाफ मिला और सब बिल आप यूपीए के ला रही हैं, यह परिवर्तन कहां से हो गया है? मैं नहीं समझ पाया कि यह परिवर्तन कहां से हो गया है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. Now, hon. Members, the time allotted for this Bill is ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराजः नरेश जी, मैंने पूरी बात खोलकर रख दी, कोई चीज़ छिपाई नहीं। विरोध क्यों था, यह भी बता दिया। उसी विरोध को सामने रखते हुए असम को अलग भी कर रहे थे, क्योंकि उस विरोध में वहां के मुख्य मंत्री भी जुड़ गए थे, ऐसा पता लगा, लेकिन बाद में—मैंने एक-एक चीज़ खुलकर बता दी है और जितनी पारदर्शिता से इस बिल के बारे में मैंने पृष्ठभूमि रखी है, उसके बाद कोई प्रश्न होना नहीं चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, hon. Members, the time allotted for this Bill is two-and-a-half hours. Since, we have to take other important items from the List of Business also, I would request every Member to adhere to their Party's time. Now, Dr. Karan Singh. ...(*Interruptions*)...

श्री नरेश अग्रवालः माननीय उपसभापति जी, एक परम्परा रही है कि यह सदन शाम को 5 बजे तक चलता था, अब तय हुआ कि सदन 6 बजे तक चला करेगा। आज हम लोगों को जो बिजनेस दिया गया है, आप इस बिजनेस के घंटे जोड़ लीजिए, तो शायद 13 तारीख तक जो यह सदन चलेगा, सब काम इसमें आज ही दे दिया गया है। आप यह क्लियर कर दीजिए कि आज कौन-कौन से बिल लिए जाएँगे।

श्री उपसभापतिः वह तो सुबह डिसीज़न लिया गया, आपको मालूम है।

श्री नरेश अग्रवालः यहां पर एक और शंका पैदा हो गई है। ये सब पास कराने के बाद अगर ये फ्राइडे के बाद नहीं चलाना चाहते हैं, तो अभी घोषणा कर देनी चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In morning, there was a decision in the meeting. This Bill, and there is one more Bill, I think, the Delhi High Court Bill, and after that,

you have to take the discussion. That is all. This Bill, another Bill and discussion. High Court is a small Bill and only for half-an-hour. Now, Dr. Karan Singh.

Dr. KARAN SINGH (NCT of Delhi): Mr. Deputy Chairman, Sir, today is one of those rare days when we have a unanimity in the House and where there is a lot of goodwill on all sides. Sir, I would congratulate the Government for at last having realised that the Bill that we had introduced two years ago was, in fact, the Bill that was required. And after much indecision and much delay, they have finally come round to that.

Mr. Deputy Chairman, Sir, for any nation defined and secure borders are very necessary. But it is a curious thing that although we have been independent for sixty-eight years, our borders with three of our major neighbours are still undemarcated, until this Bill is passed. With Pakistan, we are undemarcated because they are in unauthorised possession of a large area of the State of Jammu and Kashmir. Therefore, we have an LoC, we do not have a properly demarcated border. With China also, we have a long undemarcated border. Although many rounds of talks have taken place, there is yet no clarity. With Bangladesh now, at last, we have come to a situation where we can actually have borders.

Now, Sir, I am a repository of historical memory. I am the only surviving member of Shrimati Indira Gandhi's Cabinet. When the Bangladesh situation emerged, and it was one of the great achievements, I must say and recall, of Indira Gandhi, which was appreciated even by the Opposition at that time, that she was able to bring about to help the people of Bangladesh, help the *Mukti Bahini* and bring about a new nation on this Subcontinent, I was there for the birth of it. I recall the tremendous sentiments that were aroused at that time. Maybe, after Independence, after 1947, that was the day when the Indians were most delighted because we were able to do something for our brethren in Bangladesh. I stood behind Sheikh Mujib when he made his famous speech in Delhi Cantonment. After that, a lot of things happened. I would not like to go into that.

What I would like to say is this. This is a hangover. As Sushmaji has said, the Radcliffe Award left many gaps. Then there were attempts even during the East Pakistan time. There was Nehru-Noon Agreement. There were various agreements. But they didn't work. It has taken us 44 years after the creation of Bangladesh to finally come to this conclusion. *Der ayad, durust ayad*, as the saying goes.

We are very happy. The whole thing was studied in great detail. It is a very interesting agreement. There are enclaves and there are adverse possessions. Enclave means legally our territory which is lying within Bangladesh and legally the territory of Bangladesh which is lying within India. Adverse possession means

[Dr. Karan Singh]

illegal or unauthorised occupation of our territory by Bangladesh and the territory of Bangladesh by us. Luckily, both these issues have been dealt with in this Bill in great detail. Surveys have been done. We wanted to be assured that if people from those enclaves come, they would be looked after. A provision to that effect has also been included in this Bill. It has tremendous advantages, strategic advantages and security advantages. Psychologically and politically, it shows that given goodwill on both sides, the most difficult of problems can be solved. There is no problem that is actually insolvable. But you have to have goodwill on both sides.

Mr. Deputy Chairman, Sir, I would suggest one thing here. Sheikh Hasina is there. She has been very supportive. She is a great friend of India. We hope that a day will come when we will be able to sort out these problems with China and Pakistan also so that our borders are secured and demarcated. We really look forward to that day. This is a very major step towards that. I would like to congratulate the whole House for this great achievement and I strongly support this Bill. Thank you, Sir.

श्री दिलीपभाई पंडया (गुजरात): धन्यवाद सर, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया। सुषमा जी के बाद बोलने की बहुत तकलीफ होती है। उन्होंने इतने विस्तृत रूप में बात बताई और यह भी बताया कि इससे सभी लोग सहमत हैं। मैं सोचता था कि एल.ओ.पी. खड़े होकर बोलेंगे कि इस पर डिस्कशन करने की कोई जरूरत नहीं है और सब वॉइस वोट से पास कर दो, we should not use the time of the House. लेकिन ऐसा है कि सब को कुछ-न-कुछ तो बोलना चाहिए। इसलिए टाइम देना पड़ता है। I recall the day Prime Minister Narendra Modi took oath as the Prime Minister. He invited all the leaders of the neighbouring countries. उसी दिन से सब को आशा हो गई थी कि हमारे पड़ोसियों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध बनने वाले हैं। इसको हम अच्छे दिन भी कह सकते हैं। कोई ऐसा नहीं चाहता कि हम पड़ोसियों के साथ लड़ते रहें और वह भी अच्छे दिन कहें, चाहें। तो आज इसकी शुरुआत है। मैंने एक बार पढ़ा था, जब सरदार वल्लभभाई पटेल होम मिनिस्टर थे, तब उन्होंने एक खत लिखकर उस समय के प्रधान मंत्री, the whole nation respects him, श्री जवाहरलाल नेहरू को बताया था कि पाकिस्तान की जितनी चिंता हम कर रहे हैं उससे ज्यादा चीन के साथ बॉर्डर की चिंता करनी चाहिए, लेकिन सरदार पटेल की बात उस समय नहीं मानी गई। आज मैं चाहता हूं कि एक सप्ताह के अंदर जब हमारे प्रधान मंत्री चायना की विजिट पर जा रहे हैं तो वहां भी कुछ अच्छा accord होगा और जो बॉर्डर डिस्प्युट चायना के साथ है और हर टाइम एक डर रहता है कि चायना क्या करेगा, चायना क्या करेगा, वह डर भी खत्म हो जाएगा। मैं अपोजिशन पार्टी के लीडर गुलाम नबी आज़ाद जी और डिप्टी लीडर आनन्द जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने कंप्रोमाइज नहीं लेकिन अच्छी बात के लिए अपना सहकार दिया। डा. कर्ण सिंह जी ने अभी बताया कि चलो, एक अच्छी शुरुआत हो गई है और ऐसे दूसरे जो बिल हैं, वे भी इसी तरह एकसाथ मिलकर राष्ट्र के हित में हम काम करेंगे ...(**व्यवधान**)... त्यागी जी, आप फिर भी बोलेंगे। ...(**व्यवधान**)... मैं इसी के साथ-साथ पश्चिमी बंगाल की मुख्य मंत्री को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। जैसा कि सुषमा जी ने बताया, उन्होंने भी बहुत positive attitude लिया

है। ...(**व्यवधान**)... त्यागी जी, आप नहीं मानेंगे, हमारे साथ जो भी लोग रहे, वे अच्छे लोग थे और अच्छे लोग हैं, हम अभी भी ऐसा मानते हैं। इसलिए मैं सदन से अपील करता हूं कि इस बिल को सर्वसम्मति से पास किया जाए और जैसा कि सुषमा जी ने बताया कि 3 महीने में इस की रिपोर्ट आ गयी और यह रिपोर्ट 1 दिसम्बर, 2014 को लोक सभा और राज्य सभा के पटल पर रखी गयी। And certain observations made by the Committee are very important and for that, I would go through some of the remarks of the Standing Committee. Para 2.15 of the Report says, "The Committee are of the strong opinion that the Constitution (One Hundred and Nineteenth Amendment) Bill, 2013 is in the overall national interest as it would pave the way for broader bilateral ties with one of our closest neighbours, Bangladesh. The Committee are of a considered opinion that delays in the passage of the Bill have needlessly contributed to the perpetuation of a huge humanitarian crisis. However, the Committee are also sure that the difficulties of the people living in the enclaves of both the countries would come to an end after the Act is passed by the Parliament. The Committee would, therefore, urge the Government to take urgent steps for presenting the Bill to Parliament without any further delay." जैसा कि सुषमा जी ने बताया, हम ने कहा था कि बजट सत्र के दूसरे भाग में हम यह बिल present करेंगे और आज यह बिल आया है। महोदय, यह निश्चित है कि सर्वसम्मति से यह बिल पास होगा, लेकिन इस बिल की जो लंबी यात्रा रही, उसके ऊपर भी एक नज़र डालने की जरूरत है। इसलिए I would like to draw the attention of this House towards the Statement of Objects and Reasons of this Bill. I quote, "India and Bangladesh have a common land boundary of approximately 4,096.7 kms. The India-East Pakistan land boundary was determined as per the Radcliffe Award of 1947. Disputes arose out of some provisions in the Radcliffe award, which were sought to be resolved through the Bagge Award of 1950. Another effort was made to settle these disputes by the Nehru-Noon Agreement of 1958. However, the issue relating to division of Berubari Union was challenged before the Hon'ble Supreme Court. To comply with the opinion rendered by the Hon'ble Supreme Court of India, the Constitution (Ninth Amendment) Act, 1960 was passed by the Parliament. Due to the continuous litigation and other political developments at that time, the Constitution (Ninth Amendment) Act, 1960 could not be notified in respect of territories in former East Pakistan (presently Bangladesh)."

श्री उपसभापति : आप इसे क्यों पढ़ रहे हैं? इसे पढ़ने की क्या जरूरत है?

श्री दिलीपभाई पंडया : सर, जैसा कि सुषमा जी ने कहा, I saw the long race. Sir, I am also happy to note that.

श्री उपसभापति : यह हमारे पास है।

SHRI DILIPBHAI PANDYA: Sushmaji has said कि हम एक समय इस को oppose कर रहे थे, भारतीय जनता पार्टी इस को अपोज कर रही थी। असम के बी.जे.पी. के लोग भी

[Shri Dilipbhai Pandya]

oppose कर रहे थे। लेकिन यह हमारी सोच है। हम ऐसे पले हैं, बढ़े हैं। विदेश मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में बहुत सारी बातें बता दी हैं, इसलिए मैं इसके विस्तार में नहीं जाना चाहता हूँ, मैं विदेश मंत्री को धन्यवाद देता हूं। मैं सिर्फ सारे सदन से यही प्रार्थना करना चाहता हूँ कि इस बिल को सर्वसम्मति से पास कराया जाए। धन्यवाद।

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): श्रीमन्, यह जो मेन बाउंड्री एग्रीमेंट से संबंधित संशोधन विधेयक आया है, यह कई कारणों से बहुत जरूरी था। हालांकि इस पर शुरू से ही विवाद रहा है, जैसा सुषमा जी ने भी शुरू में ही कहा, चाहे सन् 1947 का रेडक्लिफ एग्रीमेंट हो, चाहे बाद का नेहरू-नून समझौता हो, या उसके बाद का 1974 वाला समझौता हो। इस पर समझौता होना इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि बहुत सारे टापू ऐसे बन गए हैं, जहां हिंदुस्तान के लोग रह रहे हैं, लेकिन चारों तरफ बाउंड्री बंगलादेश की है और उसी तरह जिन टापुओं पर बंगलादेश के लोग रह रहे हैं, लेकिन उनकी चारों तरफ बाउंड्री इंडिया की है। एक तरह से यह बंटवारा बहुत ही अननेचुरल था और इसलिए डिमार्केशन होना तो जरूरी था।

श्रीमन्, मैं एक बात अवश्य कहना चाहूंगा कि जब हमारा देश 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ था, उसके बाद से निरंतर हमारे देश की सीमाएं सिकुड़ती जा रही हैं। मैं इस बिल का विरोध नहीं कर रहा हूँ, समर्थन कर रहा हूँ, लेकिन किसी भी देश के लिए यह सबसे दुखद चीज होती है कि उसकी सीमाएं छोटी हो जाएं। कश्मीर का एक बहुत बड़ा हिस्सा पाकिस्तान दबाए हुए है, चीन हमारी बहुत बड़ी आबादी पर पहले ही कब्जा कर चुका है और आए दिन खुलेआम अरुणाचल प्रदेश को अपना प्रदेश कहने की बात करता रहता है। जब हमारे देश के प्रधान मंत्री वहां जाने को हों, तब भी उस तरह की बात करता है। रोज ऐसी बातें होती रहती हैं। यह सीमा को लेकर विवाद तो हैं, लेकिन बंगलादेश हमारा एक मित्र देश है। हम लोगों की वजह से, भारत सरकार की वजह से, भारत के सैनिकों की वजह से यह बंगलादेश बना था। इसके लिए हमारे लोगों को भी बहुत बलिदान करना पड़ा था। इस बिल के लिए जो थोड़ी बहुत दिक्कतें थीं, उसमें आपने राज्य सरकारों का सहयोग ले लिया, समर्थन ले लिया, क्योंकि उनके बिना तो इसका कोई मतलब ही नहीं था। अगर वेस्ट बंगाल की गवर्नमेंट, या वहां की जनता के सहयोग के बिना यह बिल लाया जाता, तब भी गलत होता और मेघालय, त्रिपुरा, असम से भी न पूछा जाता, तब भी गलत होता, क्योंकि सीमाएं तो उन्हीं राज्यों से मिलती हैं। वैसे कुल मिलाकर तो यह देश की सीमा है, लेकिन अफेक्टेड होने वाले जो लोग होंगे, वे उन्हीं राज्यों के होंगे। मैं इतना जरूर जानना चाहूंगा कि जो लोग इन टापुओं से, मान लीजिए कि टापू बंगलादेश में हैं, जहां हिन्दुस्तान के लोग हैं, वे बंगलादेश में पहुंच जाएंगे और जो इधर आना चाहेंगे, उनको लाने के लिए आप क्या व्यवस्था करेंगे? और, जो उधर से इधर आएंगे, उनके लोगों को उधर भेजने की व्यवस्था कैसे करेंगे? कहीं ऐसा तो नहीं होगा, जैसे कि 1971 में बंगलादेश से बहुत बड़े पैमाने पर बंगलादेश के लोग यहां आ गए और उनमें से बहुत बड़ी संख्या में वापिस ही नहीं गए। तो मैं जानना चाहूंगा कि जो टापू हिंदुस्तान की सीमा में आएंगे, जिनमें बंगलादेश के लोग रह रहे हैं, वे वापिस जाएंगे या नहीं जाएंगे? महोदय, जो हिन्दुस्तान के हमारे लोग उधर से आएंगे, उनके रीहैबिलिटेशन की क्या व्यवस्था होगी? मंत्री महोदया, जब आप इस पर हुई बहस का जवाब दें, तब आप जरूर इस बात का उत्तर देने की कोशिश करें। आप एक अच्छा समझौता कर रही

हैं। इससे सीमा पर रोजाना का जो अनावश्यक विवाद होता है, वह खत्म होगा। इसलिए मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री शरद यादव (बिहार): माननीय उपसभापति महोदय, इस विषय पर मेरे पूर्व में जो साथी और मित्र बोले और इस विधेयक में श्रीमती सुषमा स्वराज जी ने जिन बातों को रखा है, मैं उसमें कोई जोड़ने और घटाने की जरूरत नहीं मानता हूं। यह बहुत स्वागत योग्य काम हुआ है। इस देश की ऐसी त्रासदी है कि यह देश बंट गया। डॉ. राम मनोहर लोहिया, उम्र भर यह प्रयास करते रहे और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने वाले हम लोग हमेशा से यह महसूस करते रहे हैं कि यह बंटवारा बहुत महंगा पड़ा है। इसमें इतनी जान, माल, सम्पत्ति और सम्पदा चली गई और हम आज भी अपने बजट के एक-तिहाई हिस्से से विदेशों से हथियार खरीदते हैं। उस समय, मैं शायद मैट्रिक में पढ़ता था। श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में जब देश ने बंगलादेश पर विजय हासिल की और जिन फौजों ने आत्म-समर्पण किया था, उनके जनरल, जनरल नियाज़ी को जबलपुर में ही रखा गया था।

श्री के. सी. त्यागी (बिहार): श्री शरद यादव जी, तब आप इंजीनियरिंग कर चुके थे।

श्री आनन्द शर्मा (राजस्थान): शरद जी, आप बहुत पीछे हैं। आप याद कीजिए, उस समय आप ग्रेज्युएशन कर चुके होंगे। यहां वर्ष 1971 की बात आप कर रहे हैं।

श्री शरद यादव: आप ठीक कह रहे हैं। आप ठीक याद दिला रहे हैं।

महोदय, जब जनरल नियाज़ी, जबलपुर में बन्द थे, तब हम बड़ी बेचैनी से तलाश करते थे कि कहीं वे दिख जाएं, लेकिन वे हमें दिखे नहीं। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कल्पना की थी कि हिन्दुस्तान के आसपास के इन तीनों देशों का एक महासंघ बन जाए। यह निश्चित रूप से उसी दिशा में उठाया गया एक कदम है और पूरी सहमति से यह कदम बढ़ाया गया है। इस विषय में आप सभी और पूरे सदन की सहमति होने के कारण मैं मानता हूं कि यह बहुत जरूरी है और हमारा मन और हमारा चित्त भी बंगलादेश के साथ है। हमारे emotions भी बंगलादेश के साथ बहुत गहरे हैं। प्रो. राम गोपाल यादव जी जो बोल रहे थे, मैं समझता हूं कि उन बातों का जवाब आपकी चर्चा में शरीक था और आप उन्हें पैकेज भी दे रही हैं, लेकिन इतना जरूर है कि इन तीनों देशों के बीच में आज नहीं, तो कल एक महासंघ का निर्माण होना चाहिए।

महोदय, जो फौज पर खर्च हो रहा है, इंसान हमारे, पैसा हमारा और जान हमारी, ऐसी त्रासदी बनी हुई है और बाजू के देश, पाकिस्तान की भी यही हालत है। बायां बाजू गड़बड़ है और दायां बाजू ही ठीक हो रहा है। उसमें आपका, कुमारी ममता बनर्जी और असम के मुख्य मंत्री जी का भी सहयोग है। हमारे डॉ. कर्ण सिंह जी ने तो बहुत विस्तार से बताया और अभी भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने तो यह कहा कि इस पर बहस नहीं होनी चाहिए, लेकिन मैं कहता हूं कि इस विषय पर जरूर बहस होनी चाहिए क्योंकि आज देश-भर के लोग, सबसे ज्यादा इस चैनल को देखते हैं। हमारा इतिहास ही हमारे आगे का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए इस पर बहस बहुत जरूरी थी।

सुषमा जी, मैं सोचता हूं कि हम लोगों का बहुत पुराना रिश्ता है। यह महासंघ की जो कल्पना है, वही इस देश को ऊंचा उठाएगी और दुनिया में यही बात हमारी आर्थिक ताकत को

[श्री शरद यादव]

भी मजबूत करेगी। यह तब तक नहीं होगा, जब तक यह नकली बंटवारा चलता रहेगा। नकली बंटवारा कहने का मेरा मतलब यह नहीं है कि जो बंटवारा हुआ है, उसे मैं नहीं मानता। बंटवारा हो गया है। देश बन गए हैं, लेकिन यह फौज है, यह विदेश नीति है, इस मामले में इनका कोई मतलब नहीं है। तो महासंघ की तरफ यह जो कदम है, डॉ. लोहिया का जो सपना था, हमारे देश के बहुत से लोगों का सपना था, उस सपने की तरफ मैं इसे एक बड़ा समझौता मानता हूं और एक तरह से यह अच्छा रास्ता सरका है। यह सरकता जाए, सरकता जाए और एक दिन महासंघ का यह रास्ता बन जाए, तभी यह देश बनेगा, तभी यह देश उठेगा, ऐसा मेरा मानना है। इसके साथ ही मैं इस बिल का पूरी तरह से समर्थन करता हूं, बहुत-बहुत शुक्रिया।

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY (West Bengal): Sir, if we have a look at the Statement of Objects and Reasons of this Constitution Amendment Bill and a quick visit to the history of the past four decades concerning this particular issue, then you would find that, on 16th May, 1974, an Agreement between India and Bangladesh was signed *inter alia* for the demarcation of boundaries and for exchange of 162 enclaves, which was a pre-Independence legacy. Sir, on 28th November, 1974, the Parliament of Bangladesh had ratified the Agreement, whereas the successive Governments in India had failed and neglected the ratification of the Agreement for four long decades, for some inexplicable reasons. However, better late than never.

Sir, from 15th July, 2011, a head count in enclaves on both sides was conducted and it was found that 37,369 people lived in 111 Indian enclaves in Bangladesh and 14,221 lived in 57 enclaves of Bangladesh in India. On 6th September, 2011, a protocol was signed by India and Bangladesh, which has been referred to by the hon. Minister for External Affairs, for exchange of these enclaves and to implement the related matters. Now, Sir, when the Bill was introduced in 2013, my Party, the All India Trinamool Congress, had opposed it. Why? Because the pending social, political and economic issues involved in the matter were neither discussed with the Government of West Bengal at the appropriate level, nor was the concern expressed by the hon. Chief Minister of West Bengal, Ms. Mamata Banerjee, who had been emphasizing this problem for a long time, adequately addressed by the Government of India. All these enclaves are situated within the Cooch Behar district where the separatist agitation is going on for a long time. I need not go to that extent to explain it, but we are all concerned on that.

Sir, it is the assessment of the Government of West Bengal that all the residents of Bangladeshi enclaves in India would opt to remain in India, for two main reasons– they will be displaced from their lands, and for improvement of their position once the enclaves become parts of India. But the residents of Indian enclaves in Bangladesh might move to India even at the cost of displacement due to better

economic opportunities, which is quite human and natural. In this backdrop, our hon. Chief Minister, Ms. Mamata Banerjee, has urged upon the Central Government to help the State's intervention keeping in view the maximum displacement and to extend material help for implementation of a comprehensive rehabilitation programme which must not be a BPL package but a decent one, a humane one, for which the physical and social infrastructure of these enclaves need to be upgraded.

Sir, keeping this in mind, the Government of West Bengal has urged upon the Central Government that a sum of ₹3,900 crores be granted, out of which ₹2,234 crores is a variable component. As assured by the hon. Minister for External Affairs while moving this Bill, the Government of India has agreed to sanction the amount as per the requirement and this is why, the Government of West Bengal has accepted this Bill in totality. Once this Agreement is implemented, the fate of nearly 51,000 people would be decided and the long-standing problems between these two countries would be resolved once and for all.

We must not forget that due to partition of the country in 1947, Bengal had sacrificed a huge land and its natural resources. When there was hue and cry due to construction of the Farakka Barrage, West Bengal had shared the Ganga water with Bangladesh at the cost of the Kolkata Port. Now, with this Agreement, we are going to exchange the enclaves to have a permanent solution to the long-standing problems. Sir, we have also given blood during the liberation struggle of Bangladesh. Now Ms. Mamata Banerjee stands for the betterment of relations between Bangladesh and India to the extent it is desired subject to the Government of India taking a stand in extending its helping hand to West Bengal as per the need of the hour and as per the situation demands. Sir, all of us in the Trinamool Congress, believe that once this Agreement is implemented, it would be good for India; it would be good for Bangladesh; it would be good for the people living in the enclaves and it would also be good for India’s relationship with Bangladesh. We sincerely believe that we have achieved a goal, and we will further achieve a goal once this Agreement is implemented in letter and spirit. I strongly support this Bill. Thank you.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Sir, I thank you and my leader Amma for giving me this opportunity to speak. The Constitution (One Hundred and Nineteenth) Amendment Bill, 2013 seeks to amend the First Schedule of the Constitution for giving effect to the acquiring of territories by India and transfer of territories to Bangladesh in consonance with the Agreement between India and Bangladesh signed in May, 1974 regarding the demarcation of land boundary and the subsequent Protocol signed in September, 2011.

[Shri A. Navaneethakrishnan]

The boundary between India and Bangladesh, formerly known as East Pakistan, which was determined by Radcliffe Award of 1947, gave rise to several disputes. Several efforts have been made to resolve these disputes over time. This Constitutional Amendment legalizes the Agreement entered into in 1974 and the Protocol entered into in 2011.

It is understood that the State Governments concerned were closely associated with the process of determination of adverse possession and enclaves. We urge that the Government of India should continuously engage in dialogue and consultation with the concerned State Governments in the actual implementation of the Agreements.

At this juncture, we would like to draw a parallel to the ceding of Katchatheevu to Sri Lanka without any constitutional amendment, which has adversely affected the livelihood of the fishermen of Tamil Nadu. The ceding of Katchatheevu is in total violation of the views given by the Supreme Court in a Presidential reference in the Berubari case. This is why our revered leader Puratchi Thalaivi Amma had filed a case in 2008 in the Supreme Court against ceding of Katchatheevu in her personal capacity as General Secretary of AIADMK. Subsequently, in 2011 the Government of Tamil Nadu impleaded itself as a party in this case since it is the custodian of all the land records. This case is still pending in the Supreme Court of India. The ceding of Katchatheevu is illegal and unconstitutional since no constitutional amendment was made. I urge the Government of India to rescind the Agreement with Sri Lanka entered into in 1974 ceding Katchatheevu.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But this Bill is not on Katchatheevu.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: Sir, it is related to Katchatheevu. ...(*Interruptions*)... For giving Bangladesh territory to India and Indian territory to Bangladesh, you have brought this Constitutional Amendment Bill. While ceding Katchatheevu to Sri Lanka, you did not bring such a constitutional amendment. That is why I am mentioning it here. The Agreement has prevented the fishermen of Tamil Nadu from fishing in their traditional waters. Hence a Constitutional Amendment is very important. As our Puratchi Thalaivi Amma has pointed out, on her behalf, I am making this submission.

Now this Constitutional Amendment does not provide suitable rehabilitation and compensation to the people who will be returning from Indian Enclaves in Bangladesh. I urge upon the Government to seriously address this issue and provide an acceptable package of rehabilitation to the people returning to India. The Government of India should also take adequate steps to safeguard the interests of Indian nationals,

who would be staying back in the Bangladesh Enclaves, facilitate them to acquire Bangladeshi citizenship and to get all benefits. In this context, I would urge upon the Central Government and also request the whole House, this august House, to take note of the Tamil Nadu fishermen's problems and also see to it that Katchatheevu is retrieved. The Central Government must bring an Amendment to see to it that the Agreement is annulled and it is declared null and void. I once again thank hon. Amma and thank you, Sir.

श्री शरद यादवः उपसभापति महोदय, इनके बोलने के बाद पूरे सदन में "अम्मा ही अम्मा" होना चाहिए। "अम्मा-अम्मा" कोई खराब बात नहीं है।

श्रीमती सुषमा स्वराजः आप फिर फंस जाओगे। आप बैठ जाइए।

श्री शरद यादवः वे हमको बर्खास्त नहीं करेंगे।

श्री सतीश चंद्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश)**:** माननीय उपसभापति महोदय, हमारी पार्टी की तरफ से, बहुजन समाज पार्टी की तरफ से, हम इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़े हुए हैं। यह जो बिल लाया गया है, सन् 1971 की लड़ाई के बाद, सन् 1974 के एग्रीमेंट के बाद 2015 में आज अगर यह बिल इस रूप में आया है, तो हम लोग इसका स्वागत करते हैं। हम उस मुकाम पर पहुंचे हैं, जिसके लिए वर्षों से कोशिश हो रही थी कि किसी तरीके से हम लोग इस पर arrive कर सकें और इस पर पहुंच सकें।

